प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.12.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 06.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।





## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शुक्रवार की नमाज के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस अधिकारी रहे भ्रमणशील, समुचित पुलिस प्रबन्ध करते हुये सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा...।

आज दिनांक- 06.12.2024 को शुक्रवार/जुमे की नमाज के मद्देनजर सभी मस्जिदों एवं जनपद के विभिन्न इन्ट्री प्वाइंट्स/सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स में पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का प्रबन्ध पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में किया गया।

जिसके तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों में जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, साथ ही जनपद के इन्ट्री प्वाइंट/सीमावर्ती बैरियर चेक प्वाइंट्स पर जनपदीय पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे जनपद में किसी भी असामाजिक व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

उल्लेखनीय है कि जनपदीय पुलिस मीडिया सेल टीम द्वारा भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सके। महोबा पुलिस जनपद में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गनेश प्रसाद पुत्र मुकुन्द लाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0 542/21 धारा 379/411 भादवि0 व 4/21 खनिज अधिनियम थाना पनवाड़ी में मा0 न्यायालय श्रीमान न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम सुगिरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

गनेश प्रसाद पुत्र मुकुन्द लाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य

